Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

an>

Title : Need to set up a Railway Zonal Office at Chakradharpur, Jharkhand in South-Eastern Railway.

श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) : सभापति महोदया, सदन के माध्यम से अनुरोध है कि दक्षिण पूर्व रेलवे का जोन कार्यालय जो रेल माल यातायात के मामले में राजस्व कमाने में दूसरे नम्बर पर है पर जो रेल माल यातायात कार्य होता है वह झारखंड के खनिज बाहुल्य क्षेत्र में होता है और रेलें माल यातायात के छोटे-छोटे काम के लिए कोलकाता जाना पड़ता है। अतः धनबाद रेलवे मंडल, रांची रेलवे मंडल एवं चक्रधरपुर रेलवे मंडल को नियंत्रित करने हेतु पूर्वी सिंहभूम के चक्रधरपुर क्षेत्र में दक्षिण पूर्व रेलवे का जोन कार्यालय स्थापित किया जाना अति आवश्यक है। झारखंड में एक भी रेलवे जोन कार्यालय नहीं है जिसके कारण झारखंड विकास संबंधी रेल परियोजनाएं देरी से चल रही हैं और कई योजनाएं लम्बित पड़ी हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ऑफिस के तीनों मंडल कार्यालयों को नियंत्रित करने वाला जोन कार्य़ालय चक्रधरपुर में स्थापित किया जाए।